तापमान

अधिकतम 35.5 डिग्री
न्यूनतम 13.7डिग्री

# हरिभूमि रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार 7 मार्च 2026



11 जूडो खेल नर्सरी से 20 अंतरराष्ट्रीय और 70 ...



12 अधिकारी अपने-अपने वार्डों का निरीक्षण ...




## 3,67,151 गैस उपभोक्ताओं को होगी परेशानी

# बुकिंग का नियम बदला, अब 21 दिन में मिलेगा रसोई गैस सिलेंडर

### ईरान युद्ध के कारण बढ़ रहीं दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की बुकिंग को लेकर नया नियम लागू कर दिया गया है। अब उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर बुक करवाने के लिए पहले की तरह 15 दिन का इंतजार नहीं बल्कि 21 दिन का इंतजार करना होगा। इस बदलाव का असर रोहतक जिले समेत आसपास के क्षेत्रों के करीब 367151 गैस उपभोक्ताओं पर असर पड़ेगा। गैस एजेंसियों के अनुसार, पहले उपभोक्ता सिलेंडर की डिलीवरी होने के 15 दिन बाद नया सिलेंडर बुक कर सकते थे, लेकिन अब यह अवधि बढ़ाकर 21



दिन कर दी गई है। यानी उपभोक्ता को एक सिलेंडर मिलने के बाद अगली बुकिंग के लिए छह दिन अतिरिक्त इंतजार करना होगा। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। विशेष रूप से ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हो रहा है।

### पीएनजी कनेक्शन धारकों को नहीं आएगी दिक्कत

पीएनजी कनेक्शन धारकों को गैस की किल्लत आने की काफी कम सम्भावनाएं हैं। रोहतक के सभी सेक्टरों सहित अन्य एरिया में करीब साढ़े 11 हजार लोगों के मकानों में कनेक्शन लगे हुए हैं। इसलिए उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है।

### 60 रुपये दाम भी बढ़े

केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपये महंगा कर दिया है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली में 14.2 किलोग्राम की एलपीजी गैस अब 913 रुपये की मिलेगी। पहले यह 853 रुपये की थी। वहीं 19 किग्रा वाले कमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपये का इजाफा किया गया है। यह अब 1883 रुपये का मिलेगा। बढ़ी हुई कीमतें 7 मार्च से लागू हो जाएंगी।

### बुकिंग का नया नियम

- पहले बुकिंग अंतराल 15 दिन था
- अब बुकिंग अंतराल 21 दिन
- बढ़ा अंतर: 6 दिन
- प्रभावित उपभोक्ता: 367151
- कारण: अंतरराष्ट्रीय तनाव के चलते आपूर्ति में अनिश्चितता

### उपभोक्ताओं को सलाह

- उपयोग सावधानी से करें
- समय पर बुकिंग की योजना बनाएं
- जरूरत के अनुसार बुकिंग करें

## जांबाज का पैतृक गांव में अंतिम संस्कार आज

# गांव ककराना का बेटे स्क्वाड्रन लीडर अनुज के शहीद होने पर मातम पसरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

असम में इंडियन एयरफोर्स के फाइटर प्लेन सुखोई के क्रैश हादसे में रोहतक के ककराना निवासी स्क्वाड्रन लीडर अनुज शर्मा शहीद हो गए। खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया। अनुज इस समय परिवार के साथ गुरुग्राम में सेक्टर 22 में रह रहे थे। जहां उनके साथ उनके माता-पिता और दादा दादी भी रहते हैं। पिता आनंद कुमार शहीद बेटे का पार्थिव शरीर लेने के लिए असम गए हुए हैं।



शहीद अनुज का फाइल फोटो।



रोहतक। फाइटर पायलट बनने पर गांव ककराना की तरफ से शहीद अनुज शर्मा का स्वागत किया था।

शहीद का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव में ककराना किया जाएगा। रिश्तेदारों ने बताया कि अनुज की शादी तय हो गई थी। उनकी मंगेतर भी पायलट हैं। दोनों परिवार शादी की तैयारियों में लगे हुए थे। उन्होंने बताया कि एयरफोर्स के वरिष्ठ अधिकारियों ने परिवार को फोन पर अनुज की शहादत की सूचना दी। लड़ाकू विमान ने असम के जोराहट एयरबेस से रेगुलर प्रैक्टिस के लिए उड़ान भरी थी। इसमें स्क्वॉड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुर्वेश दुरगकर सवार थे। उड़ान के कुछ समय बाद ही शाम करीब 7 बजकर 42 मिनट पर विमान का एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया। विमान कार्बी आंगलोंग के घने जंगलों में क्रैश हो गया है। दोनों अधिकारी स्क्वॉड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुर्वेश दुरगकर के शहीद होने की पुष्टि की।

### अनुज शर्मा का जन्म 9 अगस्त 1993 को हुआ था

शहीद अनुज शर्मा ने 9 अगस्त 1993 को गांव ककराना में जन्म लिया। उनके पिता आनन्द शर्मा आर्मी से सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हैं। मां गृहणी हैं। दादा दादी का अनुज शर्मा के साथ विशेष स्नेह रहा है। अनुज ने पांचवीं तक की पढ़ाई बहादुरगढ़ में की।

### 2016 में गांव में किया गया था भव्य स्वागत

सन 2015 में अनुज शर्मा वायुसेना में फाइटर पायलट बने थे। इस दौरान फाइटर पायलट की प्रशिक्षण के बाद सन 2016 में गांव में उनका जबरदस्त स्वागत किया गया था। शहीद अनुज शर्मा बचपन से ही होनहार तथा मेहनती थे।

### शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- वार्ड 10 में सफाई व्यवस्था को लेकर होगी बैठक सुबह 11 बजे

### खबर संक्षेप

#### एमडीयू ने कई परीक्षाओं के परिणाम किए घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा दिसंबर-2025 में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि घोषित परिणामों में बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के प्रथम सेमेस्टर (री-अपीयर), तृतीय सेमेस्टर (रेगुलर एवं री-अपीयर), पंचम सेमेस्टर (रेगुलर एवं री-अपीयर) तथा छठे सेमेस्टर (री-अपीयर) के परिणाम शामिल हैं। इसके अलावा बैचलर ऑफ साइंस (होम साइंस) के प्रथम सेमेस्टर (री-अपीयर), तृतीय सेमेस्टर (री-अपीयर), पंचम सेमेस्टर (रेगुलर एवं री-अपीयर) तथा छठे सेमेस्टर (री-अपीयर) के परिणाम भी घोषित किए गए हैं। परिणाम विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

#### होटल संचालक की बाइक चोरी, केस दर्ज

**महम।** महम थाना क्षेत्र में एक होटल संचालक की मोटर साइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गंगानगर गांव निवासी सुखविंद्र पुत्र राजेंद्र सिंह ने बताया कि वह फिलहाल रोहतक में शिवम एन्कलेव कॉलोनी में रहता है। उसने महम में ग्रीन वैली नाम से होटल किया हुआ है। 4 मार्च की सुबह 3 बजकर 20 मिनट पर किसी ने उसका मोटर साइकिल चोरी कर लिया। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## बनियानी में बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद ने लिया खूनी रूप

### गांव में तनाव और दहशत का माहौल पुलिस तैनात

# झगड़े में बीच बचाव करने पहुंचे युवक की हत्या

### युवक पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया वारदात को अंजाम

### पटवापुर से होली खेल कर वापस लौट रहा था युवक तभी निशाना बनाया

### ग्रामीणों की चेतावनी जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव बनियानी में होली के दिन शुरू हुआ मामूली विवाद गुरुवार रात एक युवक की मौत के साथ खत्म हुआ। झगड़ा छुड़ाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंचे 27 वर्षीय युवक विक्रम पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल युवक को पहले निजी अस्पताल और बाद में पीजीआई में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने मामले में एक ही परिवार के कई लोगों के खिलाफ हत्या और मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



मृतक विक्रम

#### कहासुनी से बढ़ा विवाद

पुलिस के अनुसार घटना 4 मार्च को होली के फाग के दिन की है। गांव बनियानी निवासी साहिल अपने दोस्त सतीश के साथ पास के गांव पटवापुर से होली खेलकर वापस लौट रहा था। रास्ते में उन्हें गांव के ही निशांत की बाइक खड़ी मिली। साहिल ने निशांत से बाइक हटाने के लिए कहा, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक देखते ही देखते कहासुनी गाली-गलौज में बदल गई। निशांत ने घरवालों और कुछ अन्य लोगों को भी मौके पर बुला लिया। कुछ ही देर में निशांत के पिता ओमप्रकाश, उसकी मां और अन्य कई लोग लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और अन्य हथियारों के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई।



रोहतक। गांव की पंचायत में मौजूद एएसपी प्रतीक अग्रवाल व ग्रामीण।

#### ताबड़तोड़ वार से जमीन पर गिर गया

मारपीट की सूचना मिलते ही गांव के ही विक्रम उर्फ कल्लू (27) और बंटी उर्फ मोंटी मौके पर पहुंच गए। दोनों का मकसद झगड़ा शांत करवाना था, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी निशाना बना लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने विक्रम और उसके साथियों पर ताबड़तोड़ लाठी-डंडों से वार किए। इसी दौरान एक युवक ने विक्रम के सिर पर जोरदार लट्ठ से वार कर दिया। वार लगते ही विक्रम जमीन पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद भी हमलावरों ने मारपीट जारी रखी, जिससे बंटी और अशोक भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

#### पीजीआई में तोड़ा दम

घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने घायलों को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने विक्रम की हालत नाजुक देखते हुए उसे रोहतक के पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में डॉक्टरों ने उसे



आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया, लेकिन सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी हालत लगातार बिगड़ती रही। गुरुवार देर रात इलाज के दौरान विक्रम की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

#### गांव में हुई पंचायत, प्रशासन भी सतर्क

युवक की मौत की खबर मिलते ही गांव बनियानी में माहौल तनावपूर्ण हो गया। शुक्रवार को ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पंचायत बुलाई। पंचायत में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया। मौके पर कलानौर थाना प्रभारी सतपाल और रोहतक सिटी थाना प्रभारी रमेश भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि मामले में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

#### आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 12 टीमें गठित

मामले को लेकर एएसपी प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि साहिल की शिकायत के आधार पर कलानौर थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में निशांत, उसके माता-पिता और अन्य सहयोगियों सहित कुल 11 लोगों को नामजद किया गया है। इन सभी के खिलाफ हत्या, मारपीट और जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। एएसपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 12 टीमें गठित की गई हैं और अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

#### तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बढ़ाई

घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है।

## पीड़ित रात को बाइक खड़ी करके गया था, सुबह नहीं मिली

# नए बस स्टैंड से बाइक चुराने में झज्जर का युवक गिरफ्तार

### पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूल की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिविल लाइन थाना पुलिस ने नया बस स्टैंड के पास से हुई मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दिया है, जबकि मामले की गहनता से जांच जारी है। थाना सिविल लाइन की प्रभारी पीएसआई अंकिता ने बताया कि इस संबंध में लाढौत गांव निवासी अजय की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में अजय ने बताया कि 5 मार्च की रात करीब



एक बजे वह अपनी मोटरसाइकिल को रोहतक के नया बस स्टैंड के पास खड़ी करके चला गया था। सुबह करीब छह बजे जब वह वापस आया तो उसकी मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी सुराग नहीं मिला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन में बाइक चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच मुख्य सिपाही प्रदीप को सौंपी गई।

#### और खुल सकते हैं राज जांच में जुटी पुलिस

जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू की। इसी दौरान पुलिस को आरोपी के बारे में अहम सुराग मिले। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए झज्जर निवासी आशीष पुत्र राजेश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी के इस वारदात में शामिल होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया है। साथ ही मामले की आगे की जांच जारी है ताकि चोरी की गई मोटरसाइकिल की बरामदगी की जा सके और यह भी पता लगाया जा सके कि आरोपी किसी अन्य चोरी की वारदात में शामिल तो नहीं रहा है।

# सीईटी की जगह नीट से नर्सिंग एंट्रेंस कराने के फैसले पर छात्रों का प्रदर्शन

### छात्रों का आरोप, नोटिस के बाद आवेदन का नहीं मिला समय

- नर्सिंग छात्रों के लिए अलग और समान स्तर की प्रतियोगी परीक्षा हो, जल्द नीति जारी करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा भर से बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों ने शुक्रवार को पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में शुक्रवार को करीब ढाई घंटे तक जोरदार प्रदर्शन किया। डीएमईआर (डायरेक्टरेट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च) द्वारा बीएससी नर्सिंग का प्रवेश परीक्षा सीईटी के बजाय नीट के माध्यम से कराने के निर्णय के विरोध में सैकड़ों छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक



रोहतक। गेट तोड़कर प्रशासन से मिलने जाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

भवन के बाहर एकत्रित हुए और धरना देकर नारेबाजी की। छात्रों ने आरोप लगाया कि नोटिस के बाद आवेदन का समय नहीं दिया गया। प्रदर्शन में शामिल छात्रों का कहना था कि वे लंबे समय से कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) के आधार पर नर्सिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अचानक इसे नीट से कराने का फैसला छात्रों के साथ अन्याय है। इससे नर्सिंग की तैयारी कर रहे छात्रों को नुकसान होगा, क्योंकि नीट का सिलेबस और स्तर अलग है। हरियाणा के अलग-अलग जिलों से आए छात्र हेल्थ यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट पर इकट्ठा हो गए थे।

## झज्जर की पहाड़ीपुर निवासी डॉ. सिवाच सेक्टर -4 में रह रही

# एमबीबीएस के बाद डॉ. अंकिता ने चुनी यूपीएससी, आई 442वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मूलरूप से क्षेत्र के गांव पहाड़ीपुर निवासी होनहार बेटी डॉक्टर अंकिता सिवाच ने 442वीं रैंक के साथ यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। उसने अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की। इस उपलब्धि पर जहां गांव में खुशी की लहर है वहीं अंकिता के घर पर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा है। वर्तमान में रोहतक के सेक्टर 4 में रहने वाली डॉक्टर अंकिता सिवाच की इस उपलब्धि पर परिवार के सदस्यों ने उसे मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जताई। डॉक्टर अंकिता सिवाच ने अपनी बारहवीं कक्षा तक की शिक्षा रोहतक के मॉडल स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद खानपुर स्थित मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद भी उसने अपने लक्ष्य को सीमित नहीं रखा।



रोहतक। यूपीएससी में सफलता हासिल करने पर डॉक्टर अंकिता सिवाच को मिठाई खिलाते हुए परिजन। फोटो : हरिभूमि

## 542 किमी. का सफर : नवरात्र में पांच प्रमुख शक्तिपीठों के दर्शन का मिलेगा अवसर

*बस गोहाना, पानीपत, करनाल, पीपली, अंबाला, चंडीगढ़, रोपड़ और आनंदपुर साहिब होते हुए बैजनाथ तक जाएगी*

# रोहतक से बैजनाथ तक सीधी रोडवेज बस सेवा शुरू, पहले दिन 58 यात्रियों को लेकर रवाना हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हिमाचल प्रदेश के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थलों तक यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अब सफर पहले से अधिक आसान हो गया है। हरियाणा रोडवेज ने रोहतक डिपो से हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ तक नई बस सेवा शुरू कर दी है। शुक्रवार शाम इस बस का पहला संचालन किया गया, जिसमें यात्रियों का उत्साह भी देखने को मिला। रोहतक बस स्टैंड से शाम पांच बजे रवाना हुई इस बस में कुल 58 यात्रियों ने टिकट लेकर यात्रा शुरू की। इनमें से कई यात्री करनाल और चंडीगढ़ तक जाने वाले भी शामिल थे। बैजनाथ तक यात्रा करने वाले यात्रियों से एक तरफ का किराया 894 रुपये निर्धारित किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि बस सेवा शुरू होने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। रोहतक डिपो द्वारा शुरू की गई यह बस हरियाणा और पंजाब के कई प्रमुख शहरों से होकर हिमाचल प्रदेश पहुंचेगी। बस रोहतक से चलकर गोहाना, पानीपत, करनाल, पीपली, अंबाला, चंडीगढ़, रोपड़ और आनंदपुर साहिब होते हुए बैजनाथ तक जाएगी। यह बस देर शाम पांच बजे रोहतक से रवाना होगी और अगले दिन सुबह करीब छह बजे बैजनाथ पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में बैजनाथ से शाम पांच बजे बस चलेगी और सुबह छह बजे रोहतक बस स्टैंड पहुंचेगी। विभाग के अनुसार एक बस का पूरा चक्र लगभग तीन दिनों में पूरा होगा। शुभारंभ के दौरान वर्कशाप मैनेजर सुरेंद्र सिवाच, स्टेशन सुपरवाइजर हंसराज, अमित मौजूद रहे।



रोहतक। पहले दिन बस की यात्रा करते भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

#### धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

नई बस सेवा शुरू होने से धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस मार्ग से यात्रा करने वाले श्रद्धालु रास्ते में कई प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन भी कर सकेंगे। इनमें चंडीगढ़ का चंडी मंदिर, हिमाचल प्रदेश का नैना देवी मंदिर, चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, कांगड़ा और नगरोटा जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शामिल हैं।

#### नवरात्र में बढ़ेगी यात्रियों की संख्या

आगामी नवरात्र पर्व के दौरान इस बस सेवा का महत्व और बढ़ने की संभावना है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिमाचल प्रदेश के शक्तिपीठों में माता के दर्शन करने पहुंचते हैं। श्रद्धालु कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सकेंगे। इनमें माता चिंतपूर्णी ज्वालामुखी स्थित ज्वाला देवी मंदिर, कांगड़ा की ब्रजेश्वरी देवी, चामुंडा देवी और नैना देवी जैसे प्रमुख शक्तिपीठ शामिल हैं।



# टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्मों 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।

लाइफ Style

# जान्हवी

## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें

जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।



हॉलीवुड मसाला



# पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




# माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



# ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटेटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटेटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटेटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधरः द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

टीवी मसाला



# दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। **SVF** एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

## एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित, 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।




# प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

# ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में**

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



### जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

### सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

### हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म

# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

### मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



### सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्त्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th संचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

### फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर

इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

### करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।

## 2010 से खिलाड़ियों की नई पौध तैयार कर रहे जूडो कोच अजय और परीक्षित

# जूडो खेल नर्सरी से 20 अंतरराष्ट्रीय और 70 नेशनल स्तर के खिलाड़ी निकले

■ महताब सिंह जूडो अकादमी और खेल नर्सरी में नियमित रूप से अभ्यास कर रहे 50 खिलाड़ी



रोहतक। खेल नर्सरी में मौजूद कोच व खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

खेलों के प्रति जुनून और सही मार्गदर्शन मिले तो सफलता कदम चूमती है। कुछ ऐसा ही नजारा महताब सिंह जूडो अकादमी व खेल नर्सरी में देखने को मिल रहा है। यहां कोच अजय और कोच परीक्षित की देखरेख में खिलाड़ी जूडो की बारीकियां सीख रहे हैं और न केवल राज्य बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा फहरा रहे हैं।

कोच अजय ने बताया कि वर्तमान में अकादमी में लगभग 50 खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। अकादमी का ट्रैक रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। यहाँ के लगभग 20 खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

लगभग 70 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पदक हासिल किए हैं। उन्होंने बताया कि वह साल 2010 से खिलाड़ियों को कोचिंग दे रहे हैं। उन्होंने 2010 में ही नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) का कोर्स पूरा कर लिया था, जिसके बाद से वह लगातार नई पौध को तैयार करने में जुटे हैं।

### विक्रम, खिडवाली



2024 में जूडो खेलना शुरू किया था। इससे पहले कुश्ती खेलता था चोट के कारण कुश्ती छोड़नी पड़ी। 2021 में कुश्ती खेलना शुरू किया था। जिले के गांव खिडवाली का निवासी हूं। 2022 में ओपन नेशनल प्रतियोगिता में भाग लिया। 2025 में ऑल इंडिया नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में सातवां स्थान हासिल किया था।

### हर्षिता, रोहतक



2025 में जूडो खेलना शुरू किया था। मेरी दोस्त नव्या जूडो खेलती थी उसी प्रेरित होकर जूडो खेलना शुरू किया था। पहले जिमनास्टिक खेलती थी किसी कारण से छोड़ना पड़ा। 2025 में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य और नेशनल प्रतियोगिता में भाग लिया था।

### वंदना, किलोई



मेरी दोस्त नव्या से प्रेरित होकर जूडो खेलना शुरू किया था। जिले के गांव किलोई की निवासी हूं। 2025 में खेलना शुरू किया था। एक ही साल में मैंने नेशनल स्तर पर खेलते पदक जीतकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया। 2025 में जिलास्तरीय, राज्यस्तरीय और नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।

### हर्षित बल्हारा, रोहतक



पिता नरेंद्र जूडो के नेशनल प्लेयर हैं, उन्हीं से प्रेरित होकर खेलना शुरू किया था। हम दो भाई-बहन है दोनों जूडो व कुराश खेलते हैं। 2024 में जूडो खेलना शुरू किया था। 2024 में कुराश में जिला व राज्य स्तर पर रजत पदक जीता। 2025 में ओपन कैश अवार्ड स्पर्धा में प्रथम रहे। 2025 में सीबीएसई स्टेट में कांस्य, 2025 में स्टेट में रजत और नेशनल में कांस्य पदक जीता।

### देवयांशी, रोहतक



पिता गौरव से प्रेरित होकर और कहने पर खेलना शुरू किया था। 2025 में खेलना शुरू किया था। मैं जूडो और कुराश दोनों गेम खेलती हूं। 2025 में ओपन स्टेट जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2025 कुराश प्रतियोगिता जिले में स्वर्ण, स्टेट में रजत और नेशनल में कांस्य पदक जीता।

### रिया बल्हारा, बहूअकबरपुर



2024 में खेलना शुरू किया था। पिता नरेंद्र जूडो में नेशनल स्तर तक खेले हैं। पिता से प्रेरित होकर खेलना शुरू किया था। हम दो भाई-बहन है दोनों जूडो खेलते हैं। जिले के गांव बहुअकबरपुर की निवासी हूं। कुराश व जूडो दो गेम खेलती हूं। 2025 में नेशनल कुराश प्रतियोगिता में रजत पदक जीता और 2025 में जूडो नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

### निर्मित पावड़िया, कन्हेली



जूडो और कुराश दो गेम खेलता हूं। 2023 में दोनों गेम खेलने शुरू किए थे। पिता अजय कुमार से प्रेरित होकर जूडो खेलना शुरू किया था। मेरे कोच मेरे पिता ही है। मेरा परिवार खेल से ही जुड़ा हुआ है। जिले के कन्हेली का निवासी हूं। 2023 में कुराश सब जूनियर नेशनल में रजत पदक जीता। 2024 में स्टेट में रजत पदक जीता। 2025 में नेशनल प्रतियोगिता में भाग लिया।

### भवनीत, रोहतक



जूडो और कुराश 2022 में खेलना शुरू किया था। कोच परिक्षित मेरे बड़े भाई से उन्हीं से प्रेरित होकर खेलना शुरू किया था। 2024 में स्टेट जूडो प्रतियोगित में कांस्य पदक जीता। 2024 में सीबीएसई स्टेट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। मेरा परिवार को शुरू खेल पसंद हैं।



रोहतक। चयनित खिलाड़ियों के साथ खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल।

## एमडीयू सेपकटकरा टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी स्पर्धा में भाग लेने असम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की सेपक टकरा पुरुष टीम 10 से 13 मार्च तक आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सेपक टकरा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए असम विश्वविद्यालय सिलचर (असम) के लिए रवाना हो गई है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी।

विश्वविद्यालय की खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एमडीयू के खिलाड़ी हमेशा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरी लगन, अनुशासन और खेल भावना के साथ मैदान में उतरकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

डॉ. बेनीवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि सेपक टकरा टीम इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय के लिए गौरव हासिल करेगी।

## पीजीआई के पीडियाट्रिक वार्ड में 10 बच्चे कैंसर से जूझ रहे, समय पर इलाज से 80% ठीक होने की उम्मीद

**रोहतक।** पीजीआईएमएए के पीडियाट्रिक विभाग के वार्ड नंबर 14 में इस समय कई मासूम बच्चे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ाई लड़ रहे हैं। विभाग में भर्ती बच्चों में अधिकतर ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं। डॉक्टरों के अनुसार वर्तमान समय में करीब 10 बच्चे कैंसर के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से छह बच्चे ब्लड कैंसर से जूझ रहे हैं। पीडियाट्रिक विभाग में 10 साल तक की उम्र के बच्चों का इलाज किया जाता है। विभाग की क्षमता के अनुसार, एक समय में केवल आठ बच्चों का ही कैंसर उपचार संभव है, लेकिन बढ़ते मामलों के कारण डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों पर भी अतिरिक्त जिम्मेदारी बढ़ गई है। चिकित्सकों का कहना है कि बच्चों में कैंसर के मामलों में ब्लड कैंसर सबसे अधिक सामने आता है। पीजीआई के विशेषज्ञों के अनुसार पिछले एक वर्ष के दौरान करीब 50 से 60 बच्चे कैंसर से पीड़ित होकर इस वार्ड में भर्ती हुए। इनमें से अधिकांश मामलों में ब्लड कैंसर पाया गया। डॉक्टरों का कहना है कि छोटी उम्र में कैंसर होने का सबसे बड़ा कारण जेनेटिक होता है। कई मामलों में यह बीमारी जन्म से जुड़े आनुवंशिक कारणों की वजह से विकसित होती है, इसलिए इसका पूरी तरह से बचाव करना आसान नहीं होता।

## वनों की अवैध कटाई के लिए मंत्री जिम्मेदार, नैतिकता के आधार पर दें इस्तीफा

**रोहतक।** पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्यों जीवन सिंह, राजकुमार श्योकंद, सत्यवीर दहिया अमित कुमार ने बताया कि मानवीय गतिविधियों के लिए की प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रदेश की बहुमूल्य प्रजाति खैर के वृक्षो की अवैध कटाई चिंता व जांच का विषय है। ऐसे क्षेत्रों में खड़ी वन सम्पदा की सुरक्षा, रोपण व संवर्धन के लिए विभाग की क्षेत्रिय शाखा के नियंत्रण में थी। जुलाई 2025 से एकाएक यह व्यवस्था बदल कर वन्य प्राणी सुरक्षा शाखा के नियंत्रण में दे दी। व्यवस्था परिवर्तन करते समय समय कोई बाधा समस्या विशेष का विश्लेषण, वन्य प्राणी शाखा में कर्मचारियों की उपलब्धता, ढांचागत प्रबंधन सुविधाओं को नजर अंदाज किया गया। वन्य प्राणी सुरक्षा विभाग स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में था तब भी व्यवस्था क्षेत्रिय अमला संभालता था। समिति सदस्यों ने नैतिकता के आधार पर वन मंत्री को जिम्मेदारी लेते हुए पद से त्यागपत्र देने, वन्य प्राणी शाखा को स्थानांतरित कर जंगलों में अवैध कटाई की जांच एसटीएफ से करवाने की मांग की है। समिति सदस्यों ने बताया कि प्रदेश के गठन से अब तक वृक्षों की अवैध कटाई के जो मामले सामने आए उनमें पूर्व वन मंत्री लक्ष्मण सिंह के समय में मोरनी क्षेत्र में कत्था बनाने क अवैध भट्टिया चलने, कलेसर व छछरोली क्षेत्र में स्थानीय विधायक असलम खान व अकरम खान को संरक्षण देने,राव इंद्रजीत के समय बिलासपुर में भी इतनी भारी मात्रा में अवैध कटान नहीं हुआ जितना अब पंचकूला के आसरेवाली जंगल में हुआ है। वनो के रोपण, संवर्धन व सुरक्षा में पूर्व के मंत्रियों का अज्ञानता वश या राजनैतिक लाभ के लिए नाम चर्चा में रहा है।

## रैपर बादशाह के गाने पर भड़के नवीन जयहिंद, अश्लीलता का लगाया आरोप

**रोहतक।** रैपर और बॉलीवुड सिंगर बादशाह के नए गाने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद ने कड़ी आपत्ति जताई है।



■ सरकार से मामले में तुरंत प्रभाव से हस्तक्षेप करके कार्रवाई करने की मांग उठाई

उन्होंने आरोप लगाया कि गाने में हरियाणा रोडवेज की बस का इस्तेमाल किया गया है और स्कूल ड्रेस में लड़कियों को बस के ऊपर डांस करवाया गया है, जो गलत संदेश देता है। जयहिंद ने गाने के बोलों को अश्लील बताते हुए कहा कि इससे हरियाणा की बेटियों की छवि खराब हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर कार्रवाई की जाए। जयहिंद ने विपक्षी विधायकों से भी इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने की अपील की। उनका कहना है कि कुछ लड़कियों ने फोन कर शिकायत की कि रास्ते में युवक गाना गाकर उन्हें परेशान कर रहे हैं। उन्होंने परिवहन मंत्री से रोडवेज बस के इस्तेमाल और शिक्षा विभाग से मामले की जांच कराने की भी मांग की।

## कर्मवीर बौद्ध को रास प्रत्याशी बनाना सैमाण तपे के लिए गर्व की बात

■ महमवासियों ने राहुल गांधी का जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

कर्मवीर बौद्ध को कांग्रेस पार्टी द्वारा राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने के बाद महम क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। क्योंकि वे महम विधानसभा क्षेत्र के गांव भैणी महाराजपुर के रहने वाले हैं। चौबीसी खाप पंचायत के सैमाण तपा के प्रधान राजबीर सामणिया ने कर्मवीर बोद्ध को प्रत्याशी बनाए जाने के लिए कांग्रेस हाईकमान का आभार जताया है। कहा है कि महम क्षेत्र और खासकर सैमाण तपा के लोगों के लिए यह गर्व की बात है कि यहां के एक गरीब परिवार में पैदा होकर कर्मवीर ने राज्यसभा प्रत्याशी के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्हें पूरा विश्वास है कि वे चुनाव जीतकर एक सांसद के रूप में राज्यसभा में जाएंगे। कांग्रेस हाईकमान के इस फैसले से जनता के बीच एक अच्छा संदेश गया है। कांग्रेस सुप्रीमो राहुल गांधी ने गरीब मजदूर के बेटे को एक बड़ा सम्मान दिया है, इसके लिए वे राहुल गांधी का आभार प्रकट करते हैं।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 120 मुक्केबाजों ने दिखाया अपना दम

**झज्जर।** शुक्रवार को स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में जिला स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुक्केबाजी संघ के जिला प्रधान कोच हितेश देशवाल ने बताया कि विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में जिलेभर से बालक और बालिका वर्ग के लगभग 120 मुक्केबाजों ने भाग लिया। बालक वर्ग के स्वर्ण पदक विजेताओं में 50 किलोग्राम भारवर्ग में शुभम, 60 किलोग्राम भार वर्ग में शिवांशु, 65 किलोग्राम भारवर्ग में विशेष, 70 किलोग्राम भारवर्ग में दीक्षित, 75 किलोग्राम भारवर्ग में छविकांत, 80 किलोग्राम भारवर्ग में विशाल, 85 किलोग्राम भारवर्ग में अंशुल और 90 से अधिक किलोग्राम भार वर्ग में नमन दलाल शामिल रहे। बालिका वर्ग में 48 किलोग्राम भारवर्ग में अंकिता, 54 किलोग्राम भारवर्ग में दीक्षा, 57 किलोग्राम भारवर्ग में तनीषा जांगड़ा, 60 किलोग्राम भारवर्ग में खुशी, 65 किलोग्राम भारवर्ग में आकांक्षी दलाल, 70 किलोग्राम भारवर्ग में तेजस्वी, 80 किलोग्राम भारवर्ग में शगुन और 85 किलोग्राम भार वर्ग में खनक ने स्वर्ण पदक जीता। इस मौके पर भाजपा नेता मनीष बंसल सोमबीर देशवाल, सतपाल, धर्मेंद्र गुढ़ा, सोमवती जाखड़, नरेश चेयरमैन, जिला मुक्केबाजी संघ महासचिव सोमबीर अहलावत और कोच नवीन नेहरा बेरी सहित अन्य भी उपस्थित रहे। कोच हितेश देशवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नरेश कुमार मैनेजर की भूमिका निभाएंगे, जबकि राहुल और संदीप कोच के रूप में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।

### सूचना

मैं, रामजी दास चोपडा पुत्र श्री सुखदयाल निवासी मकान नंबर-113, सैम्पल, तहसील कलानौर, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र खरैती चोपडा मेरे कहने-सुनने में है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति में पुनः वापिस ले रहा हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने में हम स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारी व हमारे परिवार की स्वंय की जिम्मेवारी होगी।

## समर्पण की मिसालः पूर्व सरपंच का मेडिकल रिसर्च के लिए दान किया शरीर

**रोहतक।** समाज सेवा के प्रति समर्पण और मानवता की भावना का एक अनोखा उदाहरण पेश करते हुए, पूर्व सरपंच कॉमरेड स्व. भरत सिंह खटकड़ (80 वर्ष) के परिजनों ने मरणोपरांत उनके पार्थिव शरीर को शुक्रवार को मेडिकल रिसर्च के लिए एनाटॉमी विभाग में दान करके एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। उनका निधन 5 मार्च 2026 को हुआ था। कॉमरेड स्व भरत सिंह खटकड़ के पुत्र राकेश खटकड़ ने बताया कि उनके पिता अखिल भारतीय किसान सभा के नेता और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सदस्य रहे थे। उन्होंने हमेशा किसानों और मजदूरों के हितों के लिए संघर्ष किया और छात्र जीवन में भी छात्रों की मांगों के लिए आंदोलनों में बढ़-चढ़कर भाग लिया था।

## टिटौली में खिलाड़ियों को सम्मानित कर पंडित लेखराम को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटौली में आयोजित 19वें चतुर्वेद पारायण महायज्ञ के अवसर पर अमर शहीद पंडित लेखराम के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर 31वीं अंतर्राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले पांच युवा खिलाड़ियों तथा उनके कोच का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि पंडित लेखराम ने अपना सम्पूर्ण जीवन वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर दिया था। उनके विचार आज भी समाज को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद दिल्ली के अध्यक्ष एवं कोच उत्तम आर्य ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग को खेल के रूप में अपनाकर युवा अपने शरीर और मन दोनों को स्वस्थ बना सकते हैं। सम्मानित किए गए खिलाड़ियों में मनमीत सहरावत ने एक स्वर्ण तथा एक रजत पदक, रक्षित पांचाल ने स्वर्ण पदक, हर्षित डबास ने रजत पदक, पियूष सहरावत ने रजत पदक तथा वैभव कुमार ने रजत पदक प्राप्त किया।

## स्कूली छात्राओं की ड्रेस में अश्लील गाना बनाने वाले कलाकार बादशाह के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

■ अखिल भारतीय नेहरा खाप सदस्यों ने महम के एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



महम। एसडीएम विपिन कुमार को ज्ञापन सौंपते नहरा खाप के प्रतिनिधि।

अखिल भारतीय नेहरा खाप सदस्यों ने शुक्रवार को महम के एसडीएम विपिन कुमार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में नहरा खाप सदस्यों ने हरियाणवी कलाकार बादशाह एवं स्कूल स्टाफ पर कार्रवाई करने की मांग की। खाप के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप नेहरा ने कहा कि अभी हाल ही में एक हरियाणवी गाना रिलीज हुआ है जिसमें स्कूल की लड़कियों को स्कूल ड्रेस में हरियाणा रोडवेज की बस की छत पर नचाया गया है। जो कलाकार अपने आप को बादशाह बता कर गाना गा रहा है और स्कूल की लड़कियों को घोड़ी बनाने की बात कह रहा है, यह अत्यंत आपत्तिजनक और घोर निंदनीय है। बादशाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो और उसको जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाए। संदीप नेहरा निन्दाना ने कहा कि हरियाणा अपनी समृद्ध संस्कृति, सामाजिक मूल्यों और नारी सम्मान की परम्परा के लिए जाना जाता है। ऐसे में इस प्रकार के गाने न हमारी सांस्कृतिक पहचान को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि युवा पीढ़ी को भी गलत संदेश देकर हमारी सभ्यता और संस्कार को भी खत्म करते हैं।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीड़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS

• हरियाणा सरकार
• आयुष्मान भारत
• ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

**बैठक** बाउंड्री वाल को पेंटिंग के जरिये सुंदर बनाने के दिए निर्देश

# पेंटिंग के जरिये केंद्रीय विद्यालय बनेगा आकर्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त एवं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रोहतक के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रोहतक की बाउंड्री वाल को पेंटिंग के माध्यम से सुंदर व आकर्षक बनाने के निर्देश दिए हैं। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रोहतक की प्रबंध समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पेंटिंग का शीर्षक शिक्षा से संबंधित होना चाहिए। उन्होंने स्कूल शुरू होने तथा छुट्टी के समय यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोनों समय यातायात को नियंत्रित किया जाए। बैठक में रेन हार्वेस्टिंग, सोलर पैनल, पेयजल व्यवस्था तथा जल निकासी आदि के बारे में भी दिशा निर्देश जारी किए गए। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने एजेंडा के अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।




रोहतक। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रोहतक की प्रबंध समिति की बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

मीटिंग में केंद्रीय विद्यालय रोहतक की प्राचार्या परमजीत कौर ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा वर्तमान बैठक के एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, मुख्याध्यापक संदीप कुमार, आकाशवाणी रोहतक के निदेशक संजय बाली, राजाराम पंडित, आयकर विभाग के निरीक्षक अनिल कुमार, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता हेमंत सहित अन्य अधिकारीगण भी मीटिंग में उपस्थित रहे।

### शुभम कौशिक प्रतिष्ठित मानक इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रोहतक के कक्षा 8 के विद्यार्थी शुभम कौशिक का चयन केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित मानक इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और जिला प्रशासन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थी को बधाई दी है। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक के दौरान समिति के चेयरमैन एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता ने विद्यार्थी की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने शुभम कौशिक की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है।

## रबी फसल 2024-25 : किसानों के दस्तावेज अधूरे बता रद्द किए क्लेम फार्म, विभाग ने थमाए नोटिस

**मुआवजे की मांग को लेकर किसान लंबे समय से अधिकारियों से कर रहे अनुरोध**

# नुकसान के बाद प्रीमियम लौटाने पर बीमा कंपनी से मांगा स्पष्टीकरण

■ कंपनी ने गुपचुप तरीके से खाते में डाली राशि, किसानों में नाराजगी

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक


फाइल फोटो

रबी 2024-25 में किसानों के 1200 से अधिक क्लेम फार्म रद्द करने पर रोहतक के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कंपनी को जारी कर स्पष्टीकरण मांगा।

ध्यान रहे कि किसान कई महीने से मुआवंजे की मांग को लेकर अधिकारियों के यहां धरने-प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों ने फसल खराब होने के बाद बीमा क्लेम के लिए आवेदन किया था। बीमा कंपनी ने कई किसानों के क्लेम फार्म रद्द कर दिए। इससे किसानों को मिलने वाला मुआवजा अटक गया। बीमा कंपनी का कहना है कि किसानों ने जो दस्तावेज अटल सेवा केंद्रों से फसल बीमा के लिए अपलोड कराए, वे अधूरे थे। मामले को गंभीर मानते हुए कृषि विभाग ने संबंधित बीमा कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी करके पूरे प्रकरण की उच्च स्तर पर जांच शुरू करने को कहा। ध्यान रहे कि फसल नुकसान के बावजूद किसानों को बीमा राशि नहीं मिली। कुछ मामलों में लाखों रुपये के क्लेम अटक गए। विभाग अब दोबारा जांच कर किसानों को उनका पैसा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर रहा है। कई किसानों को फसल नुकसान के बावजूद बीमा राशि नहीं मिली। कृषि विभाग का कहना है कि यदि बीमा कंपनी की गलती साबित होती है तो किसानों को उनका पूरा मुआवजा दिलाया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी।

**प्रीमियम राशि किसानों के खातों में जमा करवाई:** बताया जा रहा है कि जब किसानों के आवेदन रद किए गए तो उसी के साथ ही किसानों का प्रीमियम राशि भी किसानों के खातों में जमा करा दी। ताकि कंपनी ये कह सके कि किसानों का तो प्रीमियम जमा नहीं है। लेकिन प्रशासन इस मामले को लेकर ही गंभीरता दिखा रहा है कि कैसे कंपनी ने अपने आप ही किसानों के बैंक खातों में प्रीमियम की राशि जमा करा दी। मालूम हो कि रबी फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि हर साल 31 दिसंबर होती है। सरकार इसे बढ़ा भी सकती है।

■ कृषि विभाग बोला, बीमा कंपनी की गलती मिली तो किसानों को पूरा मुआवजा दिलाया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी

**किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा**

1200 क्लेम फार्म बीमा कंपनी ने क्यों रद किए हैं, इस बारे में कंपनी का स्पष्टीकरण मांग लिया गया है। अगर नियमों के विरूद्ध फार्म रद किए गए हैं तो कंपनी के खिलाफ कार्रवाई होगी और किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा। प्रशासन किसानों के साथ अन्याय नहीं होने देगा।

-**डॉ. सुरेंद्र मलिक**, उप निदेशक
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक

**प्रशासन के संज्ञान में मामला**

किसानों द्वारा बीमा कंपनी से मांगे जा रहे मुआवजे का मामला डीसी के संज्ञान में है। इसको लेकर पिछले दिनों उपायुक्त ने बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिए कि वे किसानों के मुआवजे का निपटारा जल्द से जल्द करें। व्यापक प्राकृतिक आपदा की स्थिति में अधिसूचित क्षेत्र के आधार पर औसत पैदावार में कमी होने पर क्लेम दिया जाता है, बैठक में डीसी ने स्पष्ट किया था। फसल कटाई के बाद 14 दिनों तक खेत में सुखाने के लिए रखी गई फसल को चक्रवातीय वर्षा, बेमौसमी वर्षा एवं ओलावृष्टि से नुकसान होने पर भी खेत स्तर पर मुआवजा का प्रावधान है। चूंकि अब खरीफ 2026 की फसलों की बुवाई का सीजन आ चुका है। और किसानों को अभी तक रबी 2025 को मुआवजा मिला नहीं है। ऐसे में आए दिन डीसी कार्यालय पहुंचकर क्लेम की मांग कर रहे हैं। न केवल जिला मुख्यालय पर बल्कि तहसील स्तर पर भी किसानों द्वारा क्लेम की मांग को लेकर विरोध जताए जा रहे हैं। ऐसे में प्रशासन के लिए मुआवजा गले की हड्डी बना हुआ है। अधिकारी किसानों को आश्वासन दे देकर थक चुके हैं।

## वेद सृष्टि कथा व आदर्श महिला सम्मेलन कल आर्य समाज बोहर में

■ आर्य समाज के सदस्यों ने यज्ञ में दी आहुति

**रोहतक।** आर्य समाज बोहर में 8 मार्च रविवार को आयोजित होने वाले वेद सृष्टि कथा एवं आदर्श महिला सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से आर्य समाज के सदस्यों ने यज्ञ में आहुति देकर संकल्प लिया। यज्ञ के उपरांत एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता आर्य समाज बोहर के प्रधान धनीराम आर्य ने की। इस बैठक में गांव एवं शहर के अनेक प्रमुख आर्यजन उपस्थित रहे और कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कृष्ण देव शास्त्री ने बताया कि 8 मार्च को आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वैदिक एवं आधुनिक भौतिकी शोध संस्थान, भीनमाल (राजस्थान) के अध्यक्ष आचार्य श्रीमद अग्निव्रत नैष्ठिक होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व राज्य मंत्री माननीय डॉ. सत्यपाल सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पदमश्री डॉ. सुकामा, आचार्या विश्ववारा कन्या गुरुकुल, रुडकी (रोहतक) द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण में आर्य समाज का योगदान, मानव शरीर और संपूर्ण ब्रह्मांड में वेद मंत्रों की वैज्ञानिक गूंज, परमात्मा द्वारा सृष्टि का संचालन, बौद्धिक दासता से मुक्ति कैसे प्राप्त हो, ईश्वर अवतार क्यों नहीं ले सकता, महर्षि दयानंद का समाज सुधार में योगदान। इसके अतिरिक्त दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक सत्यार्थ प्रकाश के विषय में फैलाई जा रही भ्रांतियों का समाधान किया जाएगा। सभा में यह निर्णय भी लिया गया कि अश्लील एवं गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गीतों के गायकों का आर्य समाज में प्रवेश निषिद्ध किया जाएगा। ताकि समाज में स्वस्थ और संस्कारयुक्त वातावरण को बढ़ावा मिल सके। बैठक में मुख्य रूप से कैप्टन दयानंद, जगदीश हुड्डा, ज्योति प्रकाश आर्य, मनजीत नांदल, अजय आर्य, यजवीर आर्य, सूरज सिंह वर्मा, सूबेदार रमेश जांगड़ा, सतपाल नांदल, सूबेदार अमर सिंह, आचार्य यशवीर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## बिजली निगम सब यूनिट 3 के प्रधान बने सुनील

**रोहतक।** सिटी यूनिट के अंतर्गत आने वाली सब यूनिट नंबर तीन की पहले वाली कार्यकारिणी को किन्ही कारण वश भंग करके नई कार्यकारिणी बनाई गई। जिसमें प्रधान पद के लिए सुनील कुंडू व सेक्रेटरी पद के लिए भाई मनोज और कैशियर पद के लिए रवि किरण को चुना गया। इस मौके पर सिटी यूनिट कार्यकारिणी के लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर नव निर्वाचित कार्यकारिणी को सर्किल सेक्रेटरी संदीप गोयत ने शपथ दिलवाई।

## शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करें: उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सरकार के विभिन्न जन-शिकायत पोर्टलों पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में सीएम विंडो, जनसंवाद, सीपीग्राम, एनजीटी तथा समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतकर्ता के संतुष्टि स्तर को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन पोर्टलों पर दर्ज कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। अधिकारियों को अपने स्तर पर भी नियमित समीक्षा कर शिकायतों के समाधान को सुनिश्चित करना होगा।



## दंत चिकित्सा अब पारंपरिक क्लिनिकल प्रैक्टिस से बहुत आगे निकल चुकी : डॉ. विमल अरोड़ा

**रोहतक।** पीजीआईडीएस रोहतक ने क्लोव डेंटल के सहयोग से डेंटल सर्जनों के लिए कौशल वृद्धि और रोजगार के अवसरों पर व्यापक शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रिंसिपल डॉ. संजय तिवारी ने वरिष्ठ संकाय सदस्यों और क्लोव डेंटल के प्रतिनिधियों के साथ किया। ले. जर्नल डॉ. विमल अरोड़ा ने कहा कि बीडीएस और एमडीएस पूरा करने के बाद डेंटल ग्रेजुएट्स के लिए उपलब्ध विविध करियर के अवसरों पर प्रकाश डाला। अरोड़ा ने कहा कि दंत चिकित्सा अब पारंपरिक क्लिनिकल प्रैक्टिस से बहुत आगे निकल गई है और इसमें कई इंटरडिसिप्लिनरी और तकनीकी रूप से संचालित अवसर शामिल हैं। प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में डेंटल पेशेवरों के लिए सॉफ्टवेयर डिजाइनिंग, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, ऑर्थोडोंटिक ट्रीटमेंट प्लानिंग, पैथेंट कम्युनिकेशन, इंफेक्शन कंट्रोल, और मेडिकल जुरिस्प्रुडेंस जैसे क्षेत्रों में अवसरों पर चर्चा की गई।

## आंबेडकर चौक से गोहाना अड्डा तक चलाया गया विशेष सफाई अभियान



**रोहतक।** रोहतक। नगर निगम सफाई कार्य के प्रति काफी गंभीर है तथा प्रतिदिन स्वच्छता की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। शुक्रवार को वार्ड नंबर 8 में वार्ड सदस्य अंजू सैनी की अगुवाई में अंबेडकर चौक से लेकर गोहाना अड्डा वाया सुभाष रोड़ तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना तथा आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखना रहा। जिस दौरान मुख्य सड़क, सड़क किनारों, मार्किट क्षेत्र एवं सार्वजनिक स्थलों की विशेष रूप से साफ-सफाई की गई। सफाई कर्मचारियों द्वारा जमा कचरा, मिट्टी, पालिथीन व अन्य अपशिष्ट को हटाया गया और पूरे मार्ग पर व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किया गया, ताकि क्षेत्रवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान नगर निगम की टीम भी मौके पर मौजूद रही और अभियान की निगरानी मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर एवं सहायक सफाई निरीक्षक संदीप राठी द्वारा की गई। अभियान के दौरान वार्ड सदस्य अंजू सैनी ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें, कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा गंदगी फैलाने से बचें।

## नपा कार्यालय में महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी

■ कार्यक्रम में सफाई कर्मचारी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

**महम।** महम के नगरपालिका कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विधिक सेवा प्राधिकरण महम के चैयरमैन जज अमित श्योराण के आदेश पर किया गया। इस कार्यक्रम में सफाई कर्मचारी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज में महिलाओं की भूमिका तथा उनके अधिकारों पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर ने की। जबकि अधिवक्ता जितेंद्र सैनी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहा। जितेंद्र सैनी ने बताया कि जब हम सुबह उठते है तो महिला सफाई कर्मचारी हमारे महम शहर की गलियों ओर सड़कों पर पड़े कूड़े के ढेर की सफाई करती हैं। वे शहर को साफ सुथरा रखने का काम करती हैं। महिलाओं के जीवन में घर से लेकर नौकरी और अपने बच्चों के पालन पोषण और उनको शिक्षा देने तक जी जिम्मेदारी होती है। महिला का स्थान समाज मे प्रकृति के बाद आता है, जो जीवन पैदा करती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष बसन्त लाल गिरधर ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि समाज की प्रगति में महिलाओं की अहम भूमिका होती है।

## जाट शिक्षण संस्था का राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की टीम ने निरीक्षण किया

■ जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह ने किया टीम का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**रोहतक।** जाट शिक्षण संस्था का निरीक्षण करने आई भारत सरकार की तीन सदस्यीय टीम ।

जाट शिक्षण संस्था में शुक्रवार को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, भारत सरकार की तीन सदस्यीय टीम ने निगम के सीईओ अरुण पिल्लई की अध्यक्षता में निरीक्षण किया। यह निरीक्षण संस्था में बनने वाले राष्ट्रीय कौशल विकास केंद्र के मापदंड के अनुसार सुविधाओं का जायजा लेने के लिए किया गया। नई दिल्ली से संस्था में पहुंची टीम का स्वागत जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, उप प्रधान धर्मराज व महासचिव एडवोकेट नवदीप (मोनू) व कॉलेजियम सदस्यों ने किया। प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने बताया कि जनवरी 2026 में आयोजित चौधरी छोटू राम जन्मोत्सव के दौरान कार्यक्रम में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी जाट शिक्षण संस्था में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। उस दौरान उन्होंने उत्तर भारत की प्रसिद्ध जाट शिक्षण संस्था में राष्ट्रीय कौशल विकास केंद्र खोलने की घोषणा की थी। इस घोषणा पर कार्य शुरू करने के लिए यह तीन सदस्यीय निरीक्षण टीम व्यवस्थागत ढांचे, व सभी सुविधाओं का जायजा लेने पहुंची थी। इस निरीक्षण के दौरान टीम ने जाट कॉलेज, मातूराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जाट स्कूल आदि में कई सुविधाओं की जानकारी ली।

## ड्रग्स की ओवरडोज से जा सकती है जान : मोहन

■ बस स्टैंड पर यात्रियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत नशा मुक्ति टीम ने नया बस स्टैंड पर यात्रियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान यात्रियों को ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की गई।

यह अभियान पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया के दिशा-निर्देशों के तहत चलाया जा रहा है। नशा मुक्ति टीम के उप निरीक्षक मोहन और उप निरीक्षक अमर कटारिया ने बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों और युवाओं को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशीले पदार्थों के सेवन से शरीर धीरे-धीरे अंदर से कमजोर हो जाता है और कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कई मामलों में ड्रग्स के ओवरडोज के कारण व्यक्ति की मौत भी हो सकती है।

टीम ने बताया कि नशीली दवाओं और इंजेक्शन के इस्तेमाल से टेटनस, संक्रमण और नसों से जुड़ी गंभीर बीमारियां होने का खतरा रहता है। इसके अलावा लंबे समय तक नशे की लत व्यक्ति को मानसिक रूप से भी कमजोर बना देती है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आजकल युवाओं नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जो समाज के लिए चिंता का विषय है। इस दौरान टीम ने युवाओं से अपील की कि वे नशीली दवाओं, ड्रग्स, गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस और अन्य प्रकार के नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने परिवार, शिक्षा और करियर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## महम में बस स्टैंड के लिए जमीन तलाश रहा प्रशासन

■ कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने दी विस में जानकारी

■ महम बस स्टैंड को ध्वस्त करने की प्रशासनिक अनुमति प्रदान कर दी गई थी

**महम।** महम में बस स्टैंड की बिल्डिंग ध्वस्त कर दी गई है। परिवहन विभाग ने यहां पर नया बस स्टैंड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। लेकिन मुख्यमंत्री जनसंवाद पोर्टल पर यह मांग उठ गई कि बस स्टैंड शहर के भीतर न बनाकर उसे बाइपास पर बनाया जाना चाहिए। ताकि शहर में जाम की स्थिति न बने। बाइपास पर बस स्टैंड की मांग उठने के बाद परिवहन विभाग ने बस स्टैंड बनाने की प्रक्रिया रोक दी। अब जिला प्रशासन बाइपास पर जमीन की तलाश कर रहा है। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विस में दी। वे महम से कांग्रेस के विधायक बलराम दांगी द्वारा महम के बस स्टैंड के संबंध में पूछे गए प्रश्न नंबर 121 का जवाब दे रहे थे। महम के बस अड्डे को हरियाणा पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन द्वारा निरीक्षण करने के उपरांत असुरक्षित घोषित कर दिया था और सरकार द्वारा 11 नवंबर 2023 को महम बस स्टैंड को ध्वस्त करने की प्रशासनिक अनुमति प्रदान कर दी गई थी।

## कचरा प्रबंधन : सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर बढ़ाएंगे जनभागीदारी

जागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र, सामुदायिक गतिविधियां और जनभागीदारी आधारित अभियान चलाने पर बैठक में दिया जोर

**रोहतक।** शहर में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने और नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम रोहतक ने सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर जागरूकता अभियान तेज करने की योजना बनाई है। इसी कड़ी में नगर निगम कार्यालय में गो ग्रीन गिफ्ट स्माइल क्लब, रोहतक के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने की। इसमें जिला नगर योजनाकार तिलकराज, क्लब की प्रतिनिधि संध्या गर्ग सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान स्वच्छता और स्वच्छ सर्वेक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि शहर में कचरा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नागरिकों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। इसके लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र, सामुदायिक गतिविधियां और जनभागीदारी आधारित अभियान चलाने पर विचार किया गया। इस दौरान यह भी सुझाव दिया गया कि मोहल्लों और कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जिम्मेदार कचरा प्रबंधन के लिए प्रेरित किया जाए। लोगों को घरों की तरह शहर में भी सफाई रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम सख्त

# अधिकारी अपने-अपने वार्डों का निरीक्षण करें: शर्मा

■ नगर निगम आयुक्त ने बैठक में की समीक्षा, गंदगी फैलाने वालों पर चालान की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**रोहतक।** अधिकारियों की बैठक लेते नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम रोहतक ने निगरानी व्यवस्था को सख्त कर दिया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा द्वारा जारी आदेशों के तहत अधिकारियों को अलग-अलग वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि सफाई कार्यों की नियमित जांच की जा सके।

आदेशों के पालन में अधिकारी अपने-अपने निर्धारित वार्डों में पहुंचे और वहां सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान जहां कहीं भी सफाई में कमी पाई गई, उसे तुरंत दूर करवाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में नगर निगम कार्यालय में एक विशेष बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे सफाई कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे नियमित रूप से अपने-अपने वार्डों का दौरा करें और मौके पर जाकर सफाई व्यवस्था की स्थिति का जायजा लें। उन्होंने कहा कि सड़कों, गलियों, मुख्य बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, सार्वजनिक शौचालयों और नालियों सहित अन्य स्थानों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। जहां कहीं भी गंदगी या सफाई व्यवस्था में कमी दिखाई दे, उसे तुरंत ठीक कराया जाए।निगम आयुक्त ने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे वार्डों में जाकर स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित करें और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। साथ ही नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों में नागरिकों से सक्रिय सहयोग देने की अपील भी की जाए, ताकि रोहतक शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

# एमडीयू में गुरु दक्षता फैकल्टी इंडक्शन में 16 राज्यों के 112 से ज्यादा शिक्षक पहुंचे

**डॉ. सुरभि बोलीं, चार सप्ताह के इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव नियुक्त शिक्षकों की शिक्षण दक्षता, शोध उन्मुखता, व्यावसायिक नैतिकता तथा शैक्षणिक नेतृत्व को सुदृढ़ करना रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करती मुख्य अतिथि डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग। फोटो हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूजीसी–मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित 24 दिवसीय फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम गुरु दक्षता शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। 5 फरवरी से 6 मार्च 2026 तक आयोजित इस कार्यक्रम में देश के 16 से अधिक राज्यों से 112 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। समापन सत्र की शुरुआत डॉ. सुनील कुमारी ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत कर की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास और शैक्षणिक नेतृत्व को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने यूजीसी-एमएमटीटीसी के प्रयासों की सराहना की। डॉ. सुरभि ने बताया कि चार सप्ताह के इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव नियुक्त शिक्षकों की शिक्षण दक्षता, शोध उन्मुखता, व्यावसायिक नैतिकता तथा शैक्षणिक नेतृत्व को सुदृढ़ करना था, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप है। इस दौरान प्रतिभागियों डॉ. ज्योति देशवाल, डॉ. निशा गुर्जर, डॉ. अंजनी कुमार नीरज, रेशमा कंवर, डॉ. भारत सिंह और डॉ. महेश कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।